साँवरा दौड़ा आएगा | By Kumaar Deepak

जब जब दिल से तू शाम को आवाज लगाएगा
सांवरा दौड़ा आएगा
कोई आए या ना आए यह रुक ना पायेगा
सांवरा दौड़ा आएगा
जब जब दिल से तू .....

तू ना सोच के दूर है वह तुझ पर नजर वो रखता है
तेरी तड़प का ध्यान उसे बस वो धीर परखता है
जीवन की हर उलझन को यह खुद सुलजाएग
सांवरा दौड़ा आएगा
जब जब दिल से तू .....

बनकर साथी साथ चले जीवन की हर राहों में
गिरने से पहले आकर थामेगा यह बाहों में
एक बार बुला कर देख इसे
यह कदम कदम पर तुझको विपदा से बचाएगा
सांवरा दौड़ा आएगा
जब जब दिल से तू .....

जग यह करे अपमान तो क्या हंसकर वह भी सह लेना
आएंगे जब श्याम प्रभु उनसे सब तू कह देना
दुनिया से तू कुछ उम्मीद ना कर
जग से तू आस लगाकर जब ठोकर खाएगा
सांवरा दौड़ा आएगा
जब जब दिल से तू .....

माधव इतना मांग ले तू कायम लाज ताज रहे
जग रूठे पर वह नहीं तू मेरा हमराज रहे
यह श्याम मेरा अपना ही तो है
खुद तुझसे दूर कन्हैया कैसे रह पाएगा
सांवरा दौड़ा आएगा
जब जब दिल से तू .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%8c%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-kumaar-deepak/